कार्यालय जनपद न्यायालय भदोही ज्ञानपुर।

स्वच्छकार भर्ती विज्ञप्ति संख्या –01 / 10.04.2023

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र संख्या 2072/Main-A/Admin 'D' Section Allahabad Dated 13 January 2023 (Hon'ble Court has been pleased to pass the following order dated 06-02-2023) द्वारा शासनादेश संख्या –1963 / VII -Nyaya -2-2000-41G/97, Dated 19-10-2000 सपठित शासनादेश संख्या –15 / 2016 / 1111-VII-Nyaya-2-2016-41G/97, Dated 10-08-2016 के अन्तगर्त इस अधिष्ठान में अंशकालिक स्वीपर रू0 6000 / – प्रतिमाह नियत पारिश्रमिक पर संविदा के आधार पर नियुक्त किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है।

अतएवं जो व्यक्ति कक्षा 06 उत्तीर्ण है और स्वीपर के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक है वे अपना आवेदन पत्र दिनांक 11.04.2023 से दिनांक 24.04.2023 तक सांय 4.00 बजे तक नाजरात अनुभाग में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से अवश्य जमा / भेज देवे।

सभी आवेदक दिनांक 26.04.2023 को अपने सभी मूल कागजात के साथ शांय 4.00 बजे जनपद न्यायालय भदोही ज्ञानपुर के मीटिंग हाल में लिखित अथवा मौखिक परीक्षा हेतु उपस्थित हो ।

आवेदन पत्र की शर्ते निम्नवत है :–

01– आवेदक की उम्र दिनांक 01.07.2022 को 18 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए तथा कक्षा 06– उत्तीर्ण हो।

02– नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

03– लिखित अथव मौखिक परीक्षा हेतु उपस्थित होने पर कोई भी यात्रा भत्ता देय नही होगा।

04– आवेदक यदि किसी स्वच्छकार के रूप में किसी भी विभाग / कार्यालय में कार्य कर चुका हो तो उसे वरीयता दी जायेगी, इसके समर्थन में प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

05– आवेदक, आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक, आवासीय, अनुभव एवं जाति प्रमाण पत्र जो स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित हो अवश्य संलग्न करें ।

06– आवेदक इस आशय का शपथ पत्र अवश्य प्रस्तुत करें कि उनके विरूद्ध कोई भी दण्डिक वाद किसी भी न्यायालय में लम्बित नही है और न ही उन्हें किसी भी न्यायालय द्वारा कभी दण्डित किया गया है।

07– स्वच्छाकार की पूर्णकालिक नियुक्ति किसी भी दशा में नही की जायेगी बल्कि संविदा के आधार पर कार्य लिया जायेगा।

दिनांक –10.04.2023

10/4/23

(आरिफ अहमद अंसारी)
सदस्य चयन समिति /
सिविल जज सी0डि0
भदोही ज्ञानपुर।

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1– जिला सूचना अधिकारी ज्ञानपुर भदोही को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसे दैनिक समाचार पत्र मे निः शुल्क प्रकाशित कराना सुनिश्चित करे।

2– नोडल आफिसर कम्प्यूटर जनपद न्यायालय भदोही ज्ञानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि इसे माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय के वेबसाईट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

3– सूचना पट्ट कार्यालय जिलाधिकारी भदोही ।

4– सूचना पटट, कार्यालय पुलिस अधीक्षक भदोही

5– सूचना पटट, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी भदोही ज्ञानपुर।

6– सूचना पटट, कार्यालय विकास भवन ज्ञानपुर भदोही ।

7– सूचना पटट, कार्यालय नगर पलिका एवं नगर पंचायत भदोही ज्ञानपुर ।

8 सूचना पटट, कार्यालय नाजरात अनुभाग जनपद न्यायालय भदोही ज्ञानपुर।